**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–10 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश सहित देश भर के शिल्पकारों को राष्ट्रीय हस्त शिल्प पुरस्कारों से किया सम्मानित । कहा– हस्तशिल्प केवल सांस्कृतिक पहचान नहीं, बल्कि लोगों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण घटक भी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के सैनिक स्कूल में देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने ऑडिटोरियम का किया उद्घाटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रणों को जीवन के मंत्र के तौर पर अपनाने की अपील की।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक। घर–घर जाकर मतदाताओं की एसआईआर प्रक्रिया पूरी कराने की अपील।
- देश भर में तेजी से स्थिर हो रहा है उड़ान सेवाओं में उत्पन्न हुआ व्यवधान। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा–मजबूत नागर विमानन प्रणाली बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है सरकार।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में दो हजार तेईस और दो हजार चौबीस के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर लखनऊ की माधुरी मिश्रा को शिल्प गुरु पुरस्कार–दो हजार तेईस, वाराणसी के इम्तियाज अहमद को नेशनल अवार्ड–दो हजार तेईस और सहारनपुर के मोहम्मद दिलशाद को शिल्प गुरु पुरस्कार–दो हजार चौबीस से सम्मानित किया गया । इस दौरान राष्ट्रपति ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कला लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और एक–दूसरे से जोड़ती है।

***हस्तशिल्पी को प्रायः परंपरा से जोड़ा जाता है। मुझे बहुत प्रसन्नता है कि जहां एक तरफ विलुप्त हो रहे कलाओं के संरक्षण और जनजातीय कलाओं के प्रोत्साहन के लिए तो वही दूसरी और डिजाइनिंग इनोवेशन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए भी पुरस्कार दिया गया है।***

वाराणसी के इम्तियाज अहमद ने कहा कि उनके परिवार में यह परंपरागत कार्य होता चला आया है जिसकी विरासत को वह आगे बढ़ा रहे हैं इसके लिए वह सरकार का भी धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। सहारनपुर के मोहम्मद दिलशाद को शीशम की लकड़ी पर नक्काशी के लिए शिल्प गुरु पुरस्कार–दो हजार चौबीस से सम्मानित किया गया है उन्होने इसके लिए सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा ये कार्य कई पीढ़ियों से उनके यहां होता आया है।

लखनऊ की माधुरी मिश्रा ने भी सम्मानित किए जाने के लिए सरकार का आभार जताया ।

***मेरा ड्राफ्ट बाटी प्रिंटिंग है, उसमें मेरा स्पेशलाइजेशन है। इस समय बहुत मेहनत के बाद इस मुकाम पर पहुंची हूं कि मुझे इतना बड़ा सम्मान मिल रहा है। मैं मोदी सरकार की बहुत ही बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इतनी ट्रांसपेरेंसी से सबका सिलेक्शन किया और आज हम लोगों को इस सम्मान का अधिकार दिया।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर गोरखपुर के सैनिक स्कूल में बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनरल बिपिन रावत के व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद किया। मुख्यमंत्री ने देश के समसामयिक हालात की चर्चा करते हुए विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों को अपनाने की अपील की।

***एक सच्चा भारतीय वह होगा, जो चाहता होगा कि मेरा देश आत्मनिर्भर हो, मेरा देश विकसित भारत हो, मेरा देश सुरक्षित भारत हो, अगर सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत सुरक्षित भारत की संकल्पना को पूरा करना है, इसके लिए क्या करना है? उन्होंने कहा, पंच प्रण पांच प्रण हर व्यक्ति को मानने पड़ेंगे, अपने जीवन का हिस्सा बनाना पड़ेगा।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण किया। श्री योगी ने जनरल रावत के जीवन पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कल गोरखपुर में ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान–आईटीआई के भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि सरकार के प्रयासों से विकास अंतिम पायदान तक पहुंचा है।

***विकास अब गांव तक भी पहुंचा है। अंतिम पायदान पर जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि आर्थिक विकास का मापक बड़ी हवेली नहीं होती है। उसका मानक अंतिम पैदान पर पहुंचे हुए विकास की योजनाएं होंगी और यह डबल इंजन सरकार के कारण गांव–गांव तक पहुंचा हुआ विकास इस बात को प्रदर्शित करता है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया को लेकर स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाये साथ ही अपात्र और फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर किये जाएं। एक रिपोर्ट–

*गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में हुयी बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया कि भाजपा की बूथ टोली हर बूथ और घर–घर जाए और मतदाताओं की एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण कराए। श्री योगी ने जिले की हर विधानसभा में अभियान की प्रगति की जानकारी लेने के साथ ही कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और बाकी पदाधिकारी सौ फीसदी योगदान दें और बीएलओ की मदद से सभी के गणना प्रपत्र भरवायें। उन्होंने पूर्णतः शुद्ध मतदाता सूची बनवाने के निर्देश देते हुए कहा कि हर मतदाता का एसआईआर फॉर्म, गणना प्रपत्र जमा कराने के लिए भाजपा की दस सदस्यीय बूथ टोली को सजग रहना होगा। सबका गणना प्रपत्र जमा हो जाए, इसके लिए सभी जिलों में भाजपा महानगर की तर्ज पर गांवों में बूथ स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि बीएलओ ने जितने फॉर्म बांट दिए हैं, उन्हें जमा कराने में टीम भावना से काम करना होगा। मुख्यमंत्री आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी मौजूद रहेंगे। समाचार कक्ष से अरूण।*

**********

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना चरण के दौरान सत्तानवे दशमलव तीन प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है। उन्होंने मृत, शिफ्टेड एवं अनुपस्थित मतदाताओं के सत्यापन के लिए राजनैतिक दलों से सहयोग की अपील की।

**********

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो की हाल की संचालन संबंधी विफलताओं से उत्पन्न व्यवधान अब तेजी से स्थिर हो रहा है। उन्होंने दोहराया कि सरकार मजबूत नागर विमानन प्रणाली बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इंडिगो के मौजूदा संकट पर लोकसभा में श्री नायडू ने बताया कि इंडिगो को पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जा रहा है।

*इंडिगो की हालिया परिचालन विफलताओं के कारण उत्पन्न व्यवधान अब तेजी से स्थिर हो रहा है। इंडिगो की रोज उड़ानों की संख्या में भारी गिरावट आई है और इसके बढ़ने की उम्मीद है। देश भर में अन्य सभी एयरलाइनें सुचारू रूप से चल रही हैं और हवाई अड्डों पर बिना किसी भीड़ या परेशानी के सामान्य स्थिति की सूचना मिल रही है। सामान वापसी और यात्री सहायता उपायों पर मंत्रालय निरंतर निगरानी रख रहा है और साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।*

**********

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। एक रिपोर्ट–

*आठवें दिन कल वाराणसी के नमो घाट पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांसकृतिक केंद्र प्रयागराज और दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तंजावुर की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तमिलनाडु और काशी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसी क्रम में नमो घाट पर ही एक विशेष सांस्कृतिक शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत की भाषाओं एवं संस्कृतियों को जोड़ना था। तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में एनसीसी छात्रों ने तमिल भाषा के कुछ महत्वपूर्ण शब्द एवं वाक्यों का अभ्यास किया। छात्रों ने कहा कि यह आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करता है। उधर, तमिलनाडु से आए कृषि समूह ने  वाराणसी के हनुमान घाट पर गंगा स्नान कर पूजन अर्चन किया। वहीं केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।*

**********

सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रचारित एक वीडियो का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया है कि वित्त मंत्री निर्मला सीता रामन एक निवेश योजना को प्रोत्साहित कर रही हैं, जिसमें हर घंटे पांच हजार रुपये देने का वादा किया गया है और इससे छह महीने में एक करोड़ रुपये मिल सकते हैं। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि प्रचारित वीडियो फर्जी है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बना है।

**********